सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या –231
16/03/2026

लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री श्री चिराग पासवान द्वारा आयोजित दावत–ए–इफ़्तार में शामिल हुये मुख्यमंत्री

पटना, 16 मार्च, 2026 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज शहीद पीर अली मार्ग, लोजपा पार्टी कार्यालय में आयोजित दावत–ए–इफ्तार में शामिल हुए। दावत–ए–इफ्तार का आयोजन लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री श्री चिराग पासवान की ओर से किया गया।

मुख्यमंत्री को श्री चिराग पासवान ने साफा भेंटकर अभिनंदन किया गया। मुख्यमंत्री सहित सभी रोजेदारों ने प्रदेश, समाज और देश में अमन–चैन, शांति एवं भाईचारा का माहौल कायम रहने की दुआ मॉगी।

कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व0 रामविलास पासवान के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित किया।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो0 जमा खान, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री श्री संजय कुमार सिंह, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह सांसद श्री संजय कुमार झा, लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री राजू तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में रोजेदार उपस्थित थे।

******